HIMACHAL PRADESH THIRTEENTH VIDHAN SABHA

(Eighth Session)

Questions For Oral Answer

Thursday, 5th March, 2020/15th Phalgun, 1941 (Saka)

[Chief Minister - Education Minister - Agriculture Minister - Rural Development & Panchayati Raj Minister and Forest Minister].

Total No. of Questions - 56

Children Park

***2540 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) how much funds have been spent by the Government for the beautification of Children Park at Heera Nagar in Hamirpur town; and

(b) does the Government intends to open the Canteen in the Park?

मुख्य मंत्री राहत कोष

***2541 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि 01 जनवरी, 2018 से 31 जनवरी,2020 तक ज्वाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में "मुख्य मंत्री राहत कोष" से चिकित्सा प्रतिपूर्ति तथा गरीब परिवारों की लड़कियों के विवाह हेतु कितने मामलों में धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

योग शिक्षक

***2542 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 15 जनवरी, 2020 तक सरकार द्वारा प्रदेश की कितनी राजकीय पाठशालाओं में योग प्रशिक्षित शिक्षक भर्ती किए गए व कितनों की भर्ती की जानी है; ब्यौरा पाठशालावार दें?

लूहरी प्रोजैक्ट

***2543 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में लूहरी प्रोजैक्ट (विद्युत) का कार्य कब तक शुरू कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

भूमि कटाव

***2544 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि वन क्षेत्रों में वृक्षों को तने समेत जड़ से उखाड़ा जा रहा है जिस कारण भूमि कटाव हो रहा है; यदि हां, तो इसे रोकने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

Underground Cabling

***2350 Sh. Jeet Ram Katwal (Jhanduta):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that the Government has prepared a scheme for the underground cabling of open wires electrical system in the State; and

(b) if yes, which areas are covered under this scheme?

Paonta-Shillai-Hatkoti-Rohru National Highway

***2545 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 31.01.2020, how much amount has been spent on maintenance of Paonta-Shillai-Hatkoti-Rohru National Highway;

(b) has the Government received any complaints regarding sub-standard tarring work on this road by the contractor; if so, what action has been taken by the Government against the contractor; and

(c) what steps are being taken to improve the condition of this road?

पदों का ब्यौरा

***2546 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर(कुल्लू) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में अध्यापकों के कितने पद सृजित हैं, कितने रिक्त हैं और रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा स्कूलवार दे?

पदपूर्ति

***2547 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बड़सर तहसील एवं बिझड़ी (डटवाल) में बंदोबस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो व पटवारियों के कितने पद रिक्त हैं; इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ख) बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में बंदोबस्त का कार्य कितने वर्षों से चल रहा है तथा कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

बस अड्डा निर्माण

***2548 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर)ः**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जोगिन्द्रनगर में बस अड्डे व कार्यशाला का निर्माण कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

सड़क निर्माण कार्य

***2549 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार कांसाकोटी-समरकोट-सुगरी सड़क को चौड़ा करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) इस रोड में क्या ब्लैक स्पॉट्स का कार्य शुरू कर दिया गया है; यदि हां, तो किस ठेकेदार को कार्य आवंटित किया गया है; ब्यौरा दें?

स्वीकृत धनराशि

***2550 श्री सुख राम (पांवटा साहिब)ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जनवरी, 2018 से 31 जनवरी, 2020 तक ज़िला सिरमौर में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के भवन निर्माण हेतु कुल कितनी धनराशि स्वीकृत की गई और भवनों के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

Menace of Wild Animals

***2551 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) during this year upto 31.01.2020, what steps have been taken by the Government to control the monkey menace apart from sterilization and how much expenditure has been incurred;

(b) has the Government taken the issue with the Union Government to restart the export of monkeys; and

(c) what steps have been taken by the Government to deal with the menace of other wild animals like Bear, Nilgai and wild boar?

पट्टे पर भूमि

***2552 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31-01-2020 तक प्रदेश में किन गैर-सरकारी संस्थानों व किन व्यक्तियों को सरकारी भूमि पट्टे पर दी गई है; पट्टे पर दी गई भूमि की lease money, समय अवधि तथा गैर-सरकारी संस्थाओं का ब्यौरा नाम व पते सहित दें; और

(ख) पट्टे पर दी गई सरकारी भूमि का उपयोग किन-किन कार्यों के लिये किया जा रहा है?

सैंट्रल रोड फंड

***2553 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक प्रदेश को सैंट्रल रोड फंड के तहत कितनी धनराशि केन्द्र से स्वीकृत हुई तथा इसमें कौन-कौन सी सड़कें शामिल है; ब्यौरा दें?

छात्रा की मौत

***2554 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) महिला आई0टी0आई0 नालागढ़ की छात्रा की 11 जुलाई, 2019 को हुई मौत मामले में दर्ज एफ0आई0आर0 नम्बर-0215 में किन धाराओं के अन्तर्गत मामला दर्ज किया गया था; इस सम्बन्ध में क्या कार्रवाई की गई व इसमें कौन-कौन आरोपी हैं; और

(ख) सरकार इस मामले में एस0आई0टी0 गठित करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

बस सेवा

***2555 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि पठानकोट-कंडी वाया कांगड़ा बस सेवा बन्द होने का मामला जन मंच में उठाया गया था; यदि हां, तो इस रूट पर बस सेवा कब बहाल कर दी जाएगी?

बिजली पर अनुदान

***2556 श्री विक्रमादित्य सिंह (शिमला ग्रामीण):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को बिजली खपत पर कितना अनुदान दिया जा रहा है; और

(ख) सरकार अनुदान की प्रतिशतता को बढ़ाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

केन्द्रीय विश्वविद्यालय

***2557 श्री विशाल नेहरिया (धर्मशाला):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या धर्मशाला के जदरांगल में हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के लिए प्रस्तावित भूमि मानव विकास मंत्रालय भारत सरकार के नाम हस्तांतरित हो गई है; यदि नहीं, तो कब तक की दी जाएगी; और

(ख) विश्वविद्यालय के भवन का निर्माण कार्य कब तक शुरू हो जायेगा?

सड़कों की अद्यतन स्थिति

***2558 श्री अनिरूद्ध सिंह(कसुम्पटी) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) केल्टी-बरमु सड़क का निर्माण किस योजना के अन्तर्गत किया गया व इसे कब मैटल किया गया;

(ख) मैटल उपरान्त इस सड़क को जिस ठेकेदार को 5 वर्ष के लिए मरम्मत हेतु दिया गया है उस ठेकेदार द्वारा यह सड़क मैटल क्यों नहीं की जा रही है; ब्यौरा दें; और

(ग) विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत पटगेहर-कोटी एवं जालपा- भराड़ी सड़कों के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

वाटर स्पोर्ट्स

***2559 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार द्वारा लारजी झील में वाटर स्पोर्ट्स के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; कितनी व्यय की गई तथा कितनी शेष है;

(ख) वाटर स्पोर्ट्स के लिए कौन-कौन सा सामान कहाँ-कहाँ से लिया गया है; ब्यौरा दें; और

(ग) इसमें वाटर स्पोर्ट्स की कौन-कौन सी गतिविधियां चलाई जा रही है?

राष्ट्रीय उच्च मार्ग

***2560 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक जिला सिरमौर में कितने नेशनल हाईवे स्वीकृत हुए हैं, इनमें से कितनों की डी0पी0आर0 तैयार की गई है; केन्द्र से कितनी धनराशि स्वीकृत हुई और कितनों का कार्य प्रगति पर है; ब्यौरा नाम सहित दें?

जन सुविधाएं

***2561 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के समस्त राष्ट्रीय उच्च मार्ग व अन्य मार्गों पर जन सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

सब्जी मण्डी

***2562 श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बनलगी में सब्जी मण्डी स्थापित की गई है और बन्द पड़ी है; यदि हां, तो इसे प्रारम्भ करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

सनौरा-छैला सड़क

***2563 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सनौरा-छैला सड़क निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है, कितनी व्यय की गई है तथा इसके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

ट्रकों से सड़कों को नुक्सान

***2564 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला बिलासपुर की सड़कें सीमेंट उद्योग में प्रयोग होने वाले भारी भरकम ट्रकों के कारण क्षतिग्रस्त हो रही हैं; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इनका रख-रखाव इन सीमेंट उद्योगों से करवाने का विचार रखती; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

जे0सी0बी0 मशीन

***2565 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि लोक निर्माण विभाग सुजानपुर उप मण्डल में जे0सी0बी0 एक साल से खराब पड़ी है; यदि हां, तो इसकी मरम्मत करने हेतु क्या पग उठाए गए हैं; और

(ख) क्या सरकार नई जे0सी0बी0 उपलब्ध करवाने का विचार रखती है?

विश्राम भवन निर्माण

***2566 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सब्जी मंडी बैजनाथ में स्थित विश्राम भवन के निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय की गई; इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) क्या सरकार इस भवन को उपयोग में ला रही है; यदि नहीं, तो इसे कब तक उपयोग में लाया जाएगा?

Landless Families

***2567 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) how many landless families are in Rampur Assembely Constituency; and

(b) during the last year upto 31.01.2020, how many families have been provided 2 biswas/3 biswas land?

राष्ट्रीय उच्च मार्ग

***2568 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने किलोमीटर राष्ट्रीय उच्च मार्ग है; गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक इस राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा कार्यवार व धनराशि सहित दें?

पावर हाऊस बालू चम्बा

***2569 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि पद्मश्री कैलाश चंद महाजन 2 मेगावाट प्रोजैक्ट बालू चम्बा क्षतिग्रस्त हो गया था; यदि हां, तो इसे पुनः चलाने हेतु सरकार क्या पग उठा रही हैं?

भवनों का सदुपयोग

***2570 श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) भोरंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत करोड़ो रूपयों की लागत से बने कितने सरकारी भवन खाली हैं तथा इनके सदुपयोग को लेकर सरकार की क्या नीति है; और

(ख) सरकार इन खाली सरकारी भवनों को अन्य विभागों को देने का विचार रखती है?

पदपूर्ति

***2571 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं तथा रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

सड़कों की मैटलिंग/टारिंग

***2572 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक हमीरपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने किलोमीटर सड़कों की मैटलिंग/टारिंग की गई; ब्यौरा दें?

छात्रवृत्ति

***2344 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश के अनुसूचित जाति/जनजाति एवं गरीब परिवारों के बच्चे, जो देश के विभिन्न संस्थानों में शिक्षण एवं प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे हैं, उनको सरकार द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है; यदि हां, तो सरकार छात्रवृति उपलब्ध करवाने हेतु क्या पग उठा रही है?

मुख्य मन्त्री सहारा योजना

***2573 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि ज्वाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में "मुख्य मन्त्री सहारा योजना" के अन्तर्गत कुल कितने परिवारों को पंजीकृत किया गया और कितने परिवारों को इस योजना का लाभ प्राप्त हुआ; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

पुल निर्माण

***2574 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि विद्युत परियोजना रामपुर द्वारा रामपुर के पास वाहन योग्य पुल का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है; यदि हां, तो यह कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

अतिक्रमण के मामले

***2575 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जिला बिलासपुर के अंतर्गत कुछ सरकारी स्कूलों की ज़मीन पर अतिक्रमण किया गया है; यदि हां, तो सरकार इन मामलों में क्या कार्रवाई कर रही है; ब्यौरा दें?

Sanctioned Funds

***2576 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state during the last 3 years upto 31.01.2020, how much funds have been sanctioned in Nahan HPPWD Circle under various heads; Division-wise details be given?

Sanction Road & Bridges

***2577 Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state during the last two years upto 31st January, 2020 how many roads and bridges sanctioned under NABARD in Kullu Vidhan Sabha Constituency?

पक्की नालियां

***2578 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सड़कों के किनारे पानी की निकासी के लिए पक्की नालियां व Berms बनाने का सरकार विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

प्राकृतिक आपदा

***2579 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू व डोडरा क्वार उप-मण्डल के तहत प्राकृतिक आपदा के कितने मामले लम्बित हैं व बकाया धनराशि कब तक अदा कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

मुख्य मन्त्री रोशनी योजना

***2580 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) मुख्य मन्त्री रोशनी योजना के अन्तर्गत कितने आवेदकों ने आवेदन किया हैः और

(ख) गत वर्ष दिनांक 31 जनवरी, 2020 तक कितने कनेक्शन वितरित किए गए व कितने लम्बित हैं; ब्यौरा दें?

Electricity Supply

***2581 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) during winter months, for how many days consumers of Theog and Kumarsain Electricity Division are without elecricity supply; and what is the total field staff posted in these divisions and how many posts are lying vacant, what steps have been taken by the Governmnet to fill up the vacant posts; and

(b) what steps have been taken by the Government to overcome the failure of electricity supply in Theog, Chopal, Rohru, Rampur, Anni, Karsog, Rajgarh and Kumarsain Divisions especially in winter season?

पशु चिकित्सकों के पद

***2582 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पशु चिकित्सकों के कितने पद रिक्त हैं; इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें; और

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र में कितने अस्पताल व पशु औषधालय निजी भवनों में चल रहे हैं; ब्यौरा दें ?

विधायक प्राथमिकता

***2583 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विधायक प्राथमिकता में जल शक्ति व लोक निर्माण विभागों की कितनी योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई; कितनी की डी.पी.आर. बन गई है और कितनी योजनाओं पर कार्य आरम्भ हुआ?

Contractual Employees

***2584 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state whether the Government is considering to reduce the contract period from 3 years for regularization of contract employees; if yes, by when?

Sanctuary Area

***2585 Sh. Vinay Kumar (Sri Renukaji):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state will the Government denotify few areas from Wildlife Sanctuary in Renuka Assembely Consituency to promote religious tourism?

Environmental Management Plan

***2586 Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state whether the funds of Environmental Management Plan(EMP)of a project can be divered, if so, reasons thereof?

सड़क निर्माण

***2587 श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बद्दी-शीतलपुर-दासोमाजरा-जगातखाना सड़क का निर्माण कार्य बन्द पड़ा है; यदि हां, तो इसका कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

बस सेवा

***2588 श्रीमती रीना कश्यप(पच्छाद) :**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजगढ़-सुरला बस सेवा को सोलन से सुबह 8.00 बजे वाया चाखल, चबीयूल, कोट व राजगढ़ से सायं 4:30 बजे चलाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) सोलन से मानवा बस सेवा को बंद कर दिया गया है; यदि हां, तो सरकार इस बस सेवा को पुनः चलाने का विचार रखती है?

सड़कें /पुल

***2589 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक नाबार्ड के अन्तर्गत प्रदेश में कितनी सड़कें स्वीकृत हुई हैं; और

(ख) बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कौन-कौन सी सड़कें व पुल स्वीकृत हुए हैं; ब्यौरा दें?

सौर उर्जा लाइट

***2590 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में लगाई जा रही सौर ऊर्जा लाइटों की गुणवत्ता ठीक नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो इनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

सर्विस वायर

***2591 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत निगम द्वारा प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षों पुरानी सर्विस वायर, पी0 बी0 सी0 व पुराने खम्भों को विभाग द्वारा निशुल्क बदला जाता है या इस हेतु धनराशि ली जाती है; और

(ख) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी नई सर्विस वायर डाली गई है और विभाग द्वारा विद्युत की स्थिति सुधारने हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

रिक्तियां

***2592 श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और तकनीकी सहायक के कितने पद रिक्त हैं और इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

भवन निर्माण

***2593 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजकीय महाविद्यालय चौपाल के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है तथा निर्माण एवं एफ0सी0ए0 क्लीयरेन्स की अद्यतन स्थिति क्या है?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**
दिनांक: 18 फरवरी, 2020 . **सचिव।**